SURENDERA DENTAL COLLEGE & RESEARCH INSTITUTE
An Enterprise of : Late Smt. Vidyawanti Labhu Ram Foundation for Science Research & Social Welfare

दिनांक :– 27.01.2025

## प्रैस नोट

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

सुरेन्द्रा डेन्टल कॉलेज एण्ड रिसर्च इन्स्टीटयूट श्री गंगानगर में राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के महत्व के प्रति जागरूकता लाने के संकल्प के साथ दिनांक 25.01.2025 को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एंवम स्वास्थ्य विभाग श्री गंगानगर द्वारा किया गया । इस कार्यशाला में पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी, जिले के लिंगानुपात, भ्रूण हत्या व नारी संरक्षण विषय पर व्याख्यान दिया गया । महिला विकास समिति के सदस्यों ने राज्य में चल रही महिलाओं के उत्थान सम्बन्धित योजनाओं से अवगत करवाया ।

इस कार्यशाला में कॉलेज के अध्यक्ष श्री सूरज अग्रवाल, प्रबंधक निदेशक श्री गौरव गुप्ता, एग्जीक्यूटीव डायरेक्टर डा0 रजनी अग्रवाल व श्रीमति निशा गुप्ता, प्राचार्य डॉ. संदीप कुमार और समस्त स्टाफ व विधार्थी मौजूद थे । इस कार्यशाला में पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें कॉलेज विघार्थीयों ने बढचढ कर हिस्सा लिया एंवम प्रथम स्थान पर रहने वाले विघार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया । आंतरिक शिकायत समिति के चेयरमैन डा0 अर्चना भाटिया ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं निरन्तर होनी चाहिए । कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया।

सादर प्रकाशनार्थ
दैनिक.................................

(डा0 सन्दीप कुमार)
डायरेक्टर प्रिंसिपल